**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक– 06.09.2025 (दोपहर–1455 बजे)**

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जीएसटी सुधारों के जरिये मध्यम वर्गीय परिवारों को बडी राहत और एक बहुमूल्य उपहार दिया है। श्री वैष्णव ने आज नई दिल्ली में मीडिया को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि नई पीढी के जीएसटी सुधारों से देश के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 20 लाख करोड़ रुपये का इजाफा होने की उम्मीद है, जिससे देश की अर्थव्यवस्था को काफी बढ़ावा मिलेगा।

**************************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से आज कोलकाता में पश्चिम बंगाल सरकार में मंत्री और कोलकाता के मेयर फिरहाद हकीम ने मुलाकात की। इस दौरान दोनों राज्यों के बीच शहरों के विकास योजनाओं समेत विभिन्न विषयों को लेकर विचार–विमर्श हुआ। वहीं, पश्चिम बंगाल के पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार भी मुख्यमंत्री से मिले और पुलिसिंग व्यवस्था पर चर्चा की।

**************************

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने आज जामताड़ा जिले के दक्षिण बहाल गांव में भारी बारिश के कारण क्षतिग्रस्त हुए पुल का निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जल्द ही क्षतिग्रस्त पुल को तोड़कर बड़े पुल का निर्माण कराया जाएगा। फिलहाल ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी नहीं हो, इसके लिए वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर मोटरेबल पुल बना दिया जाएगा।

**************************

राजधानी रांची के होटवार स्थित राज्य संग्रहालय में आठ सिंतबर को शाम पांच बजे से एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा। केंद्रीय सांस्कृतिक मंत्रालय औऱ राज्य सरकार के पर्यटन कला, संस्कृति, खेलकूद औऱ युवा कार्य की सहभागिता से पूर्वी क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, कोलकाता की ओर से इसका आय़ोजन किया जाएगा।

**************************

विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला महासंगम 2025 आज से बिहार के गया जी में शुरू हो रहा है। इस वर्ष पितृपक्ष मेला 21 सितंबर तक चलेगा। दुनिया भर से लोग अपने दिवंगत परिजनों की आत्मा की शांति के लिए तर्पण अनुष्ठान करने गया पहुंच रहे हैं। केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी आज शाम इसका उद्घाटन करेंगे।

**************************

गिरिडीह जिला प्रशासन ने सड़क सुरक्षा को लेकर नो हेलमेट नो, सीट बेल्ट, नो फ्यूल का कड़ाई से पालन कराने की दिशा में कार्य कर रही है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाताता

**<u>**********************</u>**

गोड्डा जिले के पोड़ैयाहाट थाना क्षेत्र स्थित लाठीबाड़ी गांव में एक युवक द्वारा अपनी पत्नी की हत्या करने के बाद आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आय़ा है। इससे पहले उस व्यक्ति ने हमला कर अपने सास–ससुर को भी हमला कर घायल कर दिया था। पुलिस मौके पर पहुंचकर पूरे घटना की जांच कर रही है।

**<u>**********************</u>**

एशिया कप हॉकी प्रतियोगिता के सुपर–चार में आज भारत का मुकाबला चीन से होगा। बिहार के राजगीर में आयोजित इस प्रतियोगिता का यह अहम मुकाबला शाम साढ़े सात बजे से खेला जाएगा। इस मैच में भारत की जीत से उसका फाइनल में पहुंचना लगभग तय हो जाएगा। इससे पहले सुपर– चार में भारत ने जहां मलेशिया पर शानदार जीत दर्ज की थी, वहीं दक्षिण कोरिया के साथ मैच ड्रॉ रहा था। फाइनल मैच कल खेला जाएगा।

**<u>********समाप्त********</u>**